# 2015
# LAW
# विधि
## PAPER – I
## प्रश्न–पत्र – I

Full Marks : 100
पूर्णांक : 100

Time : 3 Hours
समय : 3 घण्टे

**Note :**
**सूचना :**

1) *Question Paper is divided into five Sections. **Each** Section has **two** questions of 20 marks, out of which candidates have to answer only **one** question **compulsorily** from **each** Section.*
*प्रश्न पत्र पांच सैक्शन (खण्डों) में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में 20 अंक के दो प्रश्न है। जिनमें से प्रत्येक खण्ड से सिर्फ एक प्रश्न का उत्तर अनिवार्य रूप से देना है।*

2) *In case of any ambiguity in **Hindi** version the **English** version shall be considered authentic.*
*यदि हिन्दी भाषा में कोई संदेह है तो अंग्रेजी भाषा को ही प्रामाणिक माना जायेगा ।*

Marks
अंक

## SECTION – A
## खण्ड – क

1. (a) What is meant by substantial question of law ? Elaborate with reference to provisions and law relating to second appeal. Whether an additional evidence can be entertained by the high court in the second appeal ? **15**
विधि के सारवान प्रश्न का क्या अर्थ है ? द्वितीय अपील की विधि एवं प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में समीक्षा कीजिए। क्या द्वितीय अपील में उच्च न्यायालय अतिरिक्त साक्ष्य को स्वीकार कर सकता है ?

(b) What is meant by inherent jurisdiction of civil court ? **5**
दीवानी न्यायालय की अन्तर्निहित शक्ति से क्या तात्पर्थित है ?

2. (a) "An error apparent on the face of record can be corrected in review proceedings". Elaborate. Whether a party can apply for a review in an exparte decree granted by the competent court ? **10**
"रिकार्ड में प्रत्यक्ष गलती को पुनर्विलोकन द्वारा सुधारा जा सकता है।" व्याख्या करें। क्या कोई पक्ष किसी सक्षम न्यायालय द्वारा पारित एक तरफा डिक्री में पुनर्विलोकन के लिये आवेदन कर सकता है?

(b) How will you decide that a suit is of a civil nature ? Are the following suits of civil nature ? **10**
(i) Right to take out religious procession. (ii) Right to franchise.
आप कैसे सुनिश्चित करेंगे कि कोई वाद दीवानी (सिविल) प्रकृति का है ? क्या निम्न लिखित वाद दीवानी प्रकृति के हैं ?
(i) धार्मिक जुलूस निकालने का अधिकार। (ii) मतदान का अधिकार।

Marks
अंक

## SECTION – B
## खण्ड – ख

3. (a) When a police officer can arrest a person without warrant ? How such an arrest can be effected ? 10
कब कोई पुलिस अधिकारी किसी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार कर सकता है ? यह गिरफ्तारी किस प्रकार की जाती है ?

(b) Explain the following : 10
(i) Appeal against acquittal
(ii) Trial in the absence of the accused.
निम्न लिखित की व्याख्या कीजिए :
(i) दोष मुक्ति के आदेश के विरुद्ध अपील
(ii) अभियुक्त की अनुपस्थिति में अभियोग परीक्षण।

4. (a) Give a brief account of the procedure to be adapted regarding the dispute relating to immovable property. 10
स्थावर सम्पत्ति में विवाद-विषयक प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करें।

(b) Mention special provisions under the Cr. P.C. in respect of arrest, search, investigation and medical examination of women. 10
द.प्र.सं. में गिरफ्तारी, तलाशी, अन्वेषण एवं चिकित्सकीय परीक्षण सम्बन्धी मामलों में महिलाओं सम्बन्धी विशेष प्रावधानों का उल्लेख करें ।

## SECTION – C
## खण्ड - ग

5. (a) "Every person shall be liable to punishment under this code (I.P.C.) and not otherwise for every act or omission contrary to the provision there of which he shall be guilty, with in India". 10
Discuss and state the exceptions to the rule, if any.
"हर व्यक्ति इस संहिता (भा.द.सं.) के उपबन्धों के प्रतिकूल हर कार्य या लोप के लिये जिसका वह भारत के भीतर दोषी होगा, इस संहिता के अधीन दण्डनीय होगा, अन्यता नहीं।"
विवेचना कीजिए और इस नियम के अपवाद, यदि कोई हो, बतलाइये।

(b) Who is an abettor ? Discuss the liability when an act is abetted and a different act is committed. 10
दुष्प्रेरक कौन होता है ? उस दशा में दायित्व की विवेचना जब कि एक कार्य दुष्प्रेरित किया जाता है और उसके भिन्न कार्य कारित किया जाता है ।

Marks
अंक

6. (a) On what grounds a person is said to make a false document ? What offence does he commit thereby ? When does men's signature of his own name amount to forgery ? 10

किन कारणों से व्यक्ति मिथ्या दस्तावेज का रचयिता कहलायेगा ? ऐसा करने से वह कौन सा अपराध करता है ? क्या स्वयं के नाम पर हस्ताक्षर करना भी कूट रचना की कोटि में आ सकता है ?

(b) Mention the circumstances in which a person can plead intoxication as a defence. 10

उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिनमें एक व्यक्ति अपने बचाव में मत्तता का सहारा ले सकता है।

SECTION – D
खण्ड – घ

7. (a) When are confessions relevant in evidence ? 10

'A' an accused, is under arrest. He tells the investigating officer that he had burried the ear-rings of the deceased near 'pipal' tree. It is proved to be true on the accused taking the police officer and the 'panchas' to the place and pointing the place where they had been hidden.

Is the statement of 'A' admissible in evidence against him ?

कब स्वीकारोक्ति साक्ष्य में ग्राह्य होती हैं ?

'अ' एक अभियुक्त हिरासत में है। वह अनुसंधान करनेवाले अधिकारी को बताता है कि उसने मृतक के कर्ण-फूल पीपल के पेड़ के पास गाड़ दिये हैं। यह अभियुक्त पर सत्य प्रमाणित हो जाता है जब वह अभियुक्त पुलिस अधिकारी एवं पंचों को वहाँ ले जाता है और उसके द्वारा इंगित किये जाने पर उस स्थान से बरामद की जाती है जो वहाँ छुपायी गयी थी।

क्या 'अ' की स्वीकारोक्ति उसके विरुद्ध साक्ष्य में ग्राह्य हैं ?

(b) Who is an 'expert' ? When are the opinions of third person relevant ? What is the probative value of such evidence ? What is the difference between an expert and an ordinary witness ? 10

विशेषज्ञ कौन है ? अन्य व्यक्तियों की सम्मतियाँ कब सुसंगत होती हैं ? इस प्रकार के साक्ष्य का पारिक्ष्यिक मूल्य क्या है ? एक विशेषज्ञ साक्षी और एक साधारण साक्षी में क्या अन्तर है ?

8. (a) What is the meaning of dying declaration ? Is such a declaration admissible in evidence ? If so, under what circumstances ? 10

'A' who was hit by bullet, stated in the hospital in the presence of a magistrate that 'B' had fired at him. But 'A' did not die of the injury. Is the statement of 'A' made in the presence of the magistrate admissible in evidence against 'B' ? Can it be of any other use ?

मृत्युकालीन घोषणा का क्या अर्थ है ? क्या यह घोषणा साक्ष्य में स्वीकारोक्ति है ? अगर है तो किन परिस्थितियों में ?

'क', जो गोली लगने से घायल था, उसने अस्पताल में मजिस्ट्रेट के समक्ष कहा कि 'ख' ने उसे गोली मारी है। किन्तु इस चोट से 'क' मरा नहीं। मजिस्ट्रेट के समक्ष किया गया 'क' का कथन क्या साक्ष्य के रूप में 'ख' के विरुद्ध ग्राह्य है ? क्या उसकी कोई अन्य उपयोगिता है ?

(b) Explain the rules relating to hearsay evidence with exceptions, if any. 10

अनुश्रुत साक्ष्य से सम्बन्धित नियमों की व्याख्या, इसके अपवादों सहित, यदि कोई हों, कीजिये।

Marks
अंक

## SECTION – E
## खण्ड – ङ

**9.** (a) "Every suit instituted, appeal preferred and application made after the prescribed period shall be dismissed". Discuss. 10
"विहित कालावधि के उपरान्त संस्थित किया गया कोई वाद, प्रस्तुत अपील तथा दिया गया आवेदन खारिज कर दिया जायेगा"। विवेचना कीजिए।

(b) R's watch was stolen by some unknown person on 1-1-1970. On 1-1-1975 R found the watch with Q who was bonafide purchaser of that watch. On 3-2-1975, R filed suit for recovery of watch against Q. Q contends that suit is time-barred, having been filed after expiry of prescribed period of three years from the accrual of cause of action. Decide citing case law. 10
1-1-1970 को 'क' की घड़ी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चुरा ली गयी। 1-1-1975 को 'क' ने 'ख' के पास अपनी घड़ी देखी। 'ख' ने यह घड़ी किसी अन्य से सद्भावनापूर्वक खरीदी थी। 3-2-1975 को 'क' ने 'ख' के विरुद्ध घड़ी की पुनर्प्राप्ति के लिये वाद दायर किया। 'ख' प्रतिवाद करता है कि वाद काल वर्जित है क्योंकि यह वाद-हेतुक उत्पन्न होने से तीन वर्ष (विहित कालावधि) बीतने के बाद वाद दायर किया गया है। निर्णयज विधि का संदर्भ देते हुए विनिश्चय कीजिए।

**10.** (a) What are the rules regarding exclusion of prescribed period in legal proceedings ? Discuss them in the light of Sections 12, 13 and 14 of the Limitation Act, 1963. 10
विधिक कार्यवाहियों के विहित काल के अपवर्जन सम्बन्धी नियम क्या है ? परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 12, 13 तथा 14 के प्रकाश में इसकी विवेचना करे।

(b) How can a person acquire easement by prescription in accordance with the provisions of Section 25 of the Limitation Act, 1963 ? 10
परिसीमा अधिनियम, 1963, की धारा 25 के अनुसार कोई व्यक्ति सुखाचारों का चिरभोग द्वारा कैसे अर्जन कर सकता है ?

---

CPC
CrPC
IPC
Evidence
Limitation

# 2015

# LAW
# विधि

## PAPER – II
## प्रश्न–पत्र – II

Full Marks : 100
पूर्णांक : 100

Time : 3 Hours
समय : 3 घण्टे

---

Note :
सूचना :

*Candidates are required to answer **five** questions, selecting **compulsorily** one question from **each** Section.*
*In case of any ambiguity in **Hindi** version the **English** version shall be considered authentic.*
*अभ्यर्थीगण कुल **पांच** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक खण्ड से **एक** प्रश्न का उत्तर देना **अनिवार्य** है।*
*यदि हिंदी भाषा में कोई संदेह है तो **अंग्रेजी** भाषा को ही प्रामाणिक माना जायेगा।*

Marks
अंक

### SECTION – A
### खण्ड – क

1. a) "An agreement enforceable by law is a contract". Explain referring to the conditions subject to which an agreement becomes a contract. **10**
"विधि द्वारा प्रवर्तनीय करार संविदा है।" इस कथन की विवेचना कीजिये तथा उन शर्तों का विवरण दीजिये जो किसी करार को संविदा बनाने के लिये आवश्यक है।

b) Briefly discuss rules of acceptance of proposals. 'A' offers to purchase B's car for Rs. 7,000/- and adds that if the offer is not rejected, it will become a binding contract. 'B' keeps silence. Is 'B' bound to sell ? **10**
प्रस्तावों की स्वीकृति के नियम संक्षेप में वर्णन करें। 'अ' ने 'ब' की कार रू. 7,000/- में खरीदने का प्रस्ताव किया और लिखा कि यदि प्रस्ताव अस्वीकृत न हुआ तो संविदा आबद्धकर होगी। 'ब' चुप रहता है। क्या 'ब' कार बेचने के लिये बाध्य है ?

Marks
अंक

2. a) Explain the provisions of Contract Act relating to restraint of trade. Is there any exceptions to this rule ? If so, point out. 10

संविदा अधिनियम के उन उपबंधों का स्पष्टीकरण कीजिये जो व्यापार के अवरोध से सम्बन्धित हैं। इस नियम का क्या कोई अपवाद है ? यदि है, तो इंगित कीजिए।

b) What are quasi-contracts ? What type of quasi-contracts have been recognized by the Indian Contract Act ? 10

कल्प संविदा क्या हैं ? किस प्रकार की कल्प-संविदाओं को भारतीय संविदा अधिनियम में मान्यता प्रदान की गयी है ?

## SECTION – B
## खण्ड – ख

3. a) What are the essentials of a contract of sale of goods ? Discuss them. 10

माल विक्रय संविदा के मूल तत्व क्या हैं ? चर्चा कीजिए।

b) Discuss the rules of passing of property in specific goods. 10

विनिर्दिष्ट माल में सम्पत्ति के अन्तरण सम्बंधी नियमों की विवेचना कीजिए।

4. a) What do you mean by condition and warranty ? Distinguish between condition and warranty. When can a breach of condition be regarded as a breach of warranty ? 10

शर्त तथा वारंटी से आप क्या समझते हैं ? शर्त एवं वारंटी में अन्तर स्पष्ट कीजिए। शर्त भंग कब वारंटी भंग माना जायेगा ?

b) Discuss briefly : 10

i) Effect of destruction of goods before sale.

ii) Merchantable quality.

संक्षेप में विवेचना कीजिए :

i) विक्रय के पूर्व माल नष्ट हो जाने का प्रभाव।

ii) वाणिज्यिक गुणवत्ता।

Marks
अंक

## SECTION – C
## खण्ड – ग

5. a) Define 'promissory note'. Do you consider the following to be promissory notes ? 10

   i) I promise to pay 'B', a sum of Rs. 5,000/- and any other amount which may be payable to him.

   ii) I promise to pay 'B', Rs. 8,000/-, one month after the death of 'A'.

   वचन-पत्र की परिभाषा दीजिये। क्या आप के विचार से निम्न लिखित वचन-पत्र हैं ?

   i) मैं 'ब' को 5,000/- रुपये तथा, अन्य धनराशि जो उसको देय होगी, मांग पर देने का वचन देता हूँ।

   ii) मैं 'ब' को 'अ' की मृत्यु के एक महीने बाद रु. 8,000/- देने का वचन देता हूँ।

   b) Write a short note on business problems and legal solutions under the Negotiable Instruments Act. 10

   व्यापारिक समस्यायें एवं परक्राम्य विलेख अधिनियम के अन्तर्गत विधिक समाधान पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

6. a) Define cheque. Discuss its characteristics and differentiate between a cheque and a promissory note. 10

   चेक की परिभाषा दीजिए। इसके लक्षण बताइये और चेक तथा वचनपत्र में विभेद कीजिए।

   b) What do you know about "Noting and Protest" ? Describe its procedure. 10

   टिप्पण एवं प्रसाक्ष्य के विषय में आप क्या जानते हैं ? इसके तरीके का वर्णन कीजिए।

## SECTION – D
## खण्ड – घ

7. a) Explain where and how in Arbitration Act, the arbitral tribunal is required to follow the principles of natural justice. Do you agree with the same ? 10

   माध्यस्थम अधिनियम में कब और कहाँ माध्यस्थम प्राधिकरण को नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त का पालन करना पड़ता है ? क्या आप इससे सहमत हैं ?

   b) Write about the court's assistance in taking evidence in the Arbitration and Conciliation Act, 1996. 10

   माध्यस्थम व सुलह अधिनियम, 1996 में साक्ष्य लेने के लिये न्यायालय की सहायता किस प्रकार ली जा सकती है ?

Marks
अंक

8. a) State the rules governing the conduct of arbitral proceedings. What are the ways in which such proceedings are terminated ? 10

माध्यस्थम कार्यवाहियों के संचालन से सम्बन्धित नियमों का उल्लेख कीजिए। किन-किन तरीकों से ऐसी कार्यवाहियों का समापन हो सकता है ?

b) Discuss the appointment and role of conciliators under the Arbitration and Conciliation Act, 1996. 10

माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत सुलहकर्ता की नियुक्ति और उसकी भूमिका की विवेचना कीजिए।

## SECTION – E
## खण्ड – ङ

9. a) Discuss the rule against perpetuity and give its exceptions. 10

शाश्वता के विरूद्ध सिद्धान्त की व्याख्या कीजिये तथा इसके अपवादों को बतलाइये।

b) Discuss vested and contingent interest and distinguish between them. 10

निहित हित तथा समाश्रित हित की विवेचना कीजिए तथा इसके अपवादों को बतलाइये।

10. a) Discuss the doctrine of part-performance as given in Section 53-A of the Transfer of Property Act. 10

सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 53-A के अन्तर्गत आंशिक पालन के सिद्धान्त की विवेचना कीजिए।

b) "The foundation of the doctrine of election is that a person taking the benefit of any instrument must also bear the burden". Explain. 10

"चुनाव के सिद्धान्त की बुनियाद है कि कोई व्यक्ति जो एक प्रलेख के अन्तर्गत लाभ ग्रहण करता है, उसे उसका भार भी वहन करना चाहिये।" विवेचना कीजिए।

---

# 2015

# LAW

# विधि

## PAPER – III

## प्रश्न–पत्र – III

Full Marks : 100
पूर्णांक : 100

Time : 3 Hours
समय : 3 घण्टे

**Note :**

**सूचना :**

*Candidates are requested to answer **five** questions selecting **compulsorily** one question from each Section.*

*In case of any ambiguity in Hindi version the English version shall be considered authentic.*

*अभ्यर्थीगण कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक खण्ड से एक प्रश्न का उत्तर देना **अनिवार्य** है।*

*यदि हिंदी भाषा में कोई संदेह है तो अंग्रेजी भाषा को ही प्रामाणिक माना जायेगा।*

**Marks**
**अंक**

## SECTION – A
## खण्ड – क

1\. a) "There is a shift from fault theory to irretrievable breakdown of marriage theory for dissolution of marriage." Discuss. **10**

"विवाह विच्छेद के मामलों में दोष सिद्धान्त (फाल्ट थियरी) से असाध्य विवाह विच्छेदन सिद्धान्त की ओर झुकाव हुआ है।" विवेचना कीजिए।

b) Discuss the changing concept of "adoption" under Hindu Law. **10**

हिन्दू विधि में "दत्तक ग्रहण" की बदलती अवधारणा की चर्चा कीजिए।

2\. a) With the help of decided cases, discuss under what circumstances a Hindu wife can be a natural guardian ? **10**

निर्णित वादों की सहायता से विवेचना कीजिए कि किन परिस्थितियों में हिन्दू पत्नी नैसर्गिक संरक्षक हो सकती है ?

b) Discuss the concept of Stridhan in ancient Hindu law and how has it been changed in the Hindu Succession Act, 1956 ? **10**

प्राचीन हिन्दू विधि में स्त्रीधन की अवधारणा की विवेचना कीजिए तथा हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 द्वारा उसमें क्या परिवर्तन किये गये हैं ?

Marks
अंक

## SECTION – B
### खण्ड – ख

3\. a) "Polygamy" under Muslim law is not a general rule but an exception." Discuss. 10
''मुस्लिम विधि में बहुपत्नित्व'' एक सामान्य नियम नहीं है, बस मात्र एक अपवाद है।'' चर्चा कीजिए।

b) Define 'Hizanat'. Can this right be lost ? If so, under what circumstances ? Explain. 10
'हिजनत' की परिभाषा दीजिए। क्या यह अधिकार खोया जा सकता है ? अगर हाँ, तो किन परिस्थितियों में ? समझाइये।

4\. a) Describe the classes of persons who can claim a right of pre-emption. Examine whether the right of pre-emption is still available on grounds of vicinage ? 10
कौन-कौन वर्ग के व्यक्ति हक-ए-शुफा की माँग कर सकते हैं ? क्या हक-ए-शुफा अब भी पड़ोस के आधार पर उपलब्ध है ?

b) What do you understand by 'dower' and explain its importance in Muslim marriages ? What are the rights of widow whose dower has not been paid ? 10
'मेहर' से आप क्या समझते हैं ? मुस्लिम विधि में इसके महत्त्व को समझाइये। ऐसी विधवा के क्या अधिकार हैं जिसका मेहर अदा नहीं किया गया है ?

## SECTION – C
### खण्ड – ग

5\. a) What is meant by 'Standard Rent' ? How and by whom it is fixed ? What charges, other than the rent, are permissible to a landlord, under the Act ? 10
'मानक किराये' से क्या तात्पर्यित है ? यह कैसे तथा किसके द्वारा निश्चित किया जाता है ? किराये के अलावा अन्य कौन से प्रभार, अधिनियम के अनुसार, मकानदारों को अनुमत्य हैं ?

b) Write briefly about the appointment, powers and procedure to be followed by controller ? How are the orders of controller executed ? 10
नियंत्रकों की नियुक्ति, शक्तियों तथा कार्य पद्धति पर संक्षेप में लिखिये। नियंत्रक के आदेशों का परिपालन किस प्रकार किया जाता है ?

Marks
अंक

6. What are the formalities required to bring a tenancy into existence ? What are the rules relating to inheritance to tenancy ? 20

A partnership firm is a tenant in a non-residential building. All the partners agree to sell the business of their firm, including its "goodwill", to a new set of partners who continue to do the business in the old name. Whether landlord can claim possession of the building ? Give reason.

एक किरायेदारी को अस्तित्व में लाने के लिये कौनसी औपचारिकतायें अपेक्षित हैं ? किरायेदारी के उत्तराधिकार से सम्बन्धित नियम क्या हैं ?

एक भागीदारी फर्म गैर-आवासीय भवन में किरायेदार है। इस फर्म के सभी साझेदार फर्म का कीर्तिस्व सहित व्यापार अन्य व्यक्तियों को बेच देते हैं जो साझेदार होकर पुराने नाम से व्यापार करते रहते हैं। क्या मकानदार उस भवन के कब्जे के लिये दावा कर सकते हैं ? कारण बताइयें।

## SECTION – D

## खण्ड – घ

7. a) What do you understand by specific relief ? Can specific relief be granted for the mere purpose of enforcing a penal law ? Discuss. 10

विनिर्दिष्ट अनुतोष से आप क्या समझते हैं ? क्या केवल अपराधिक विधि के प्रवर्तन के उद्देश्य से विनिर्दिष्ट अनुतोष दिया जा सकता है ? विवेचना कीजिए।

b) What do you understand by cancellation of instruments ? Discuss its essentials and differences between cancellation of instruments and recession of contract. 10

लिखतों के रद्दकरण से आप क्या समझते हैं ? इसके आवश्यक तत्त्वों एवं लिखतों के रद्दकरण एवं संविदाओं के विखण्डन के बीच के अन्तर की विवेचना करें।

8. a) What is preventive relief ? Describe the provisions relating to preventive relief as provided in the Specific Relief Act, 1963. 10

निवारक अनुतोष क्या हैं ? विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 में निवारक अनुतोष सम्बन्धी उपबंधों का वर्णन कीजिए।

b) What remedy is available to 'A' in the following cases ? Discuss with reasons : 10

i) 'B' contracts with 'A' that he will serve him faithfully for twelve months as a clerk. Later on 'B' does not perform the contract.

ii) 'B' contracts with 'A' that he will sing song for twelve months in 'A''s theatre and he will not sing at any other place. Later on 'B' does not perform the contract.

निम्नलिखित मामलों में 'अ' को किस प्रकार का उपचार उपलब्ध है ? कारण सहित विवेचना कीजिए :

i) 'ब', 'अ' से संविदा करता है कि वह लिपिक के रूप में 12 महीने तक निष्टापूर्वक उसकी सेवा करेगा। बाद में 'ब' इस संविदा का पालन नहीं करता।

ii) 'ब', 'अ' के थियेटर में 12 महीने तक गाने तथा अन्यत्र कहीं न गाने की संविदा करता है। बाद में 'ब' इस संविदा का पालन नहीं करता।

## SECTION – E

## खण्ड – ङ

9. a) "It is the basic principle of Jurisprudence that every right has a correlative duty and every duty has a correlative right. But the rule is not absolute. A person may have a right but there may not be correlative duty." Comment. 10

"विधि शास्त्र का यह आधारभूत सिद्धान्त है कि प्रत्येक अधिकार का सह-सम्बंधी कर्तव्य होता है और प्रत्येक कर्तव्य का सह-सम्बंधी अधिकार होता है। परन्तु यह नियम आत्यंतिक नहीं है। किसी व्यक्ति को अधिकार हो सकता है परन्तु हो सकता है कि इसका कोई सहसम्बंधी कर्तव्य न हो।" समीक्षा कीजिए।

b) Briefly discuss various kinds of corporeal and incorporeal property. 10

विभिन्न प्रकार की मूर्त एवं अमूर्त सम्पत्ति के बारे में संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

10. a) "Internal morality is a procedural version of natural law." Explain. 10

"आंतरिक नैतिकता, प्राकृतिक विधि का प्रक्रियापरक संस्करण है।" व्याख्या कीजिए।

b) What is the meaning of "Administration of Justice" ? Discuss the necessity of administration of justice and the different theories of criminal justice administration. 10

"न्याय प्रशासन" का क्या अर्थ है ? न्याय प्रशासन की आवश्यकता और आपराधिक न्याय प्रशासन के विभिन्न सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए।

---

# 2015

## ENGLISH AND HINDI

## (अंग्रेजी - हिन्दी)

## PAPER - IV

## प्रश्न-पत्र - IV

**Full Marks : 100**
**पूर्णांक : 100**

**Time : 3 Hours**
**समय : 3 घण्टे**

---

**Note :**
**सूचना :**

*Questions are divided into **two** Parts, one **English** and other **Hindi**.*
*All questions are compulsory. Marks are indicated against **each** question.*
*प्रश्नपत्र दो भागों में विभक्त है, प्रथम अंग्रेजी और द्वितीय हिन्दी।*
*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख अंक दिए गए हैं।*

### PART – I : English
### भाग – I : अंग्रेजी

**Marks**
**अंक**

1. Write an essay on **any one** of the following : 15
   a) Justice delayed is justice denied.
   b) Revolution in Information Technology.
   c) International Terrorism.
   d) Developing Rural India.

2. Write a precis of the following passage. Add a suitable title to it. 10

   A book is essentially not a talked thing , but a written thing ; and written, not with the view of mere communication, but of permanence. The book of talk is printed only because its author cannot speak to thousands of people at once; if he could, he would – the volume is mere multiplication of his voice. But a book is written, not to multiply the voice merely, not to carry it merely, but to perpetuate it. The author has something to say which he perceives to be true and useful, or helpfully beautiful. So far as he knows, no one has yet said it; so far as he knows, no one else can say it, He is bound to say it, clearly and melodiously if he may; clearly, at all events. In the sum of his life, he finds this to be the things; or group

of things, manifest to him; – this, the piece of true knowledge, or sight, which his share of sunshine and earth has permitted him to seize. He would fain set it down for ever; engrave it on rock, if he could saying, "This is the best of me ; for the rest, I ate, and drank, and slept, loved, and hated, like another ; my life was as the vapour, and is not ; but this I saw and knew; this if anything of mine is worth your memory". That is his "writing"; it is, in his small human way, and with whatever degree of true inspiration is in him, his inscription, or scripture. That is a "Book".

3. Write a paraphrase of the following : 15

Sometimes, I am very sad that even people who do science are quite unscientific in their thinking and in their other actions – not what they are doing in the laboratories but how they live at home or their attitudes towards other people. Now, for India to become what we want it to become with a modern, rational society and firmly based on what is good in our ancient tradition and in our soil, for this we have to have a thinking public, thinking young women who are not content to accept what comes from any part of the world but are willing to listen to it, to analyse it and to decide whether it is to be accepted or whether it is to be thrown out and this is the sort of education which we want, which enables our young people to adjust to this changing world and to be able to contribute to it.

Some people think that only by taking up very high jobs, you are doing something important or you are doing national service. But we all know that the most complex machinery will be ineffective if one small screw is not working as it should and that screw is just as important as any big part. It is the same in national life. There is no job that is too small; there is no person who is too small. Everybody has something to do. And if he or she does it well, then the country will run well.

4. Translate the following into **English.** 10

वर्तमान समय में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी ने अच्छी प्रगति कर ली है जिसका लाभ सामान्य लोगों को भी सुलभ हो रहा है। यह हर्ष की बात है कि नई पीढ़ी इन उत्पादों का भरपूर उपयोग कर रही है। पर कुछ नवयुवक इनका अतिप्रयोग अथवा दुरुपयोग कर अपने लिए मुसीबत मोल ले रहे हैं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि विज्ञान मनुष्य के लिए है, मनुष्य विज्ञान के लिए नहीं। अतएव हमें चौकस रहने की आवश्यकता है कि हमारी नई पीढ़ी इसका लाभ तो प्राप्त करे पर इसका गुलाम न बने।

Marks
अंक

## PART – II : Hindi
## भाग – II : हिन्दी

5. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : 15
   i) अपसंस्कृति और मीडिया
   ii) भारत की न्याय व्यवस्था के बाधक तत्त्व
   iii) बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ और भारतीय अर्थव्यवस्था
   iv) बढ़ती हिंसा के माहौल में आम जन-जीवन।

6. निम्नलिखित का संक्षेपण अपने शब्दों में कीजिए : 10

सामाजिक जीवन की स्थिति और पुष्टि के लिए करुणा का प्रसार आवश्यक है। समाजशास्त्र के पश्चिमी ग्रंथकार कहा करें कि समाज में एक दूसरे की सहायता अपनी-अपनी रक्षा के विचार से की जाती है। यदि ध्यान से देखा जाए तो कर्म-क्षेत्र में परस्पर सहायता की सच्ची उत्तेजना देनेवाली किसी न किसी रूप में करुणा ही दिखाई देगी। मेरा यह कहना नहीं कि परस्पर की सहायता का परिणाम प्रत्येक का कल्याण नहीं है। मेरे कहने का अभिप्राय है कि संसार में एक दूसरे की सहायता विवेचना द्वारा निश्चित इस प्रकार के दूरस्थ परिणाम पर दृष्टि रखकर नहीं की जाती बल्कि मन को स्वत: प्रवृत्त करनेवाली प्रेरणा से की जाती है। दूसरे की सहायता करने से अपनी रक्षा की भी संभावना है, इस बात या उद्देश्य का ध्यान प्रत्येक, विशेषकर सच्चे सहायक को तो नहीं रहता। ऐसे विस्तृत उद्देश्यों का ध्यान तो विश्वास स्वयं रखती है। वह उसे प्राणियों की बुद्धि ऐसी चंचल और मुंडे-मुंडे भिन्न वस्तु के भरोसे नहीं छोड़ती। किसी युग में और किसी प्रकार मनुष्यों ने समाज-रक्षा के लिए एक दूसरे की सहायता करने की गोष्ठी की होगी, यह समाजशास्त्र के बहुत से वक्ता लोग ही जानते होंगे।

7. निम्नलिखित अवतरण का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 10

Our country has a distinctive value system with a tradition of learning-perpetuated through oral communication, fairs, festivals and informal skill training – which dates back to the earliest days of human, civilization, enriched, and harmonised over the centuries by the contact of diverse cultures and religions. The prominent feature of our cultural pattern is that production, art and education, are integral to each other. This must be recognised by the planners and organisers of all adult education programmes; and by the learners themselves and, at the same time, they must acquire a questioning faculty towards features which shelter narrowness and blind belief.

8. निम्नलिखित का भावानुवाद लिखिए: 15

हमें जो कुछ शिक्षा दी गई है वह न केवल प्रजातंत्र, समाजवादी दृष्टि, आदि ईश्वर निरपेक्ष मूल्यों की शिक्षा है बल्कि वह प्रगति, डार्विन, विकासवाद, प्रतियोगिता, अस्तित्व के लिए संघर्ष आदि नारों के माध्यम से नैतिकता निरपेक्ष शिक्षा है। ऐसी अवस्था में आस्तिक आस्था या ईश्वर की बात करना ही हमारी दुरवस्था से मजाक है। परंतु भीतरी शक्तियों के विकास के लिए, अंतर्बल के विकास और उन्नयन के लिए एवं मानसिक दृढ़ता के लिए हमारा जीवन किसी आस्था की अपेक्षा करता है। आस्था कोई जरूरी नहीं है कि वह 'ईश्वर' या दैवी सत्यों में ही हो। हम ईश्वर के स्थान पर लोकतंत्र में अपनी आस्था विकसित कर सकते हैं।